No. of Printed Pages : 16

**OSS-101**

# Bachelor's Preparatory Programme (B.P.P.)
# (For Non 10+2)

05824

## Term-End Examination

## June, 2013

## OSS-101 : Preparatory Course in Social Sciences

Time : 120 Minutes | Maximum Marks : 50

# स्नातक प्रारंभिक कार्यक्रम ( बी.पी.पी. )
# ( बिना 10+2 )

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2013

## ओ.एस.एस.-101 : सामाजिक विज्ञान में प्रारंभिक पाठ्यक्रम

समय : 120 मिनट | अधिकतम अंक : 50

*General Instructions :*

**Preparatory Course in Social Sciences (OSS-101) Questions 1-50.**

(i) **All** questions are compulsory, each of which carries **one** mark.

(ii) Each question has four alternatives, one of which is correct. Write the Sl. No. of your correct alternatives/answers below the corresponding question number in the answer sheet and then mark the rectangle for the same number in that column. If you find that none of the given alternatives is correct then write 0 and mark in column 0.

(iii) Do not waste time in reading the whole question paper. Go on solving questions one by one. You may come back to the left out questions, if you have time at the end.

*सामान्य निर्देश :*

**सामाजिक विज्ञान में प्रारंभिक पाठ्यक्रम ( ओ.एस.एस.-101 ) प्रश्न 1-50**

(i) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। एक प्रश्न के लिए **एक** अंक नियत है।

(ii) प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प हैं जिनमें से एक सही है। उत्तर पुस्तिका में निर्देशानुसार सही उत्तरों/विकल्पों का अंक संगत प्रश्न संख्या के नीचे लिखें और फिर उसी अंक के आयत पर उसी कॉलम में चिह्न लगाएँ। अगर आप पाएँ कि कोई भी विकल्प सही नहीं है तो 0 लिखें और कॉलम 0 में चिह्न लगाएँ।

(iii) सारे प्रश्न-पत्र को पढ़ने में समय बर्बाद मत कीजिए। एक के बाद एक प्रश्न को करते जाइए। यदि बाद में समय रहा, तो बचे हुए प्रश्न को दुबारा देखा जा सकता है।

1. Social sciences deal with :

(1) social institutions and customs (2) laws of motion

(3) plants and animals (4) all of the above

2. Political Science does not study :

(1) government and politics

(2) political parties and voter behaviour

(3) the laws of motion

(4) excercise of authority by the state

3. The National Sample Survey Organisation provides data on :

(1) agriculture (2) industry

(3) labour (4) all of the above

4. Which of these is not a source of secondary data ?

(1) Population Census (2) Central Statistical Organisation

(3) Field work (4) Labour Bureau.

5. The practice of a woman marrying more than one man is known as :

(1) Monogamy (2) Polynomy (3) Polygyny (4) polyandry

6. Which famous sociologist studied the problem of suicide in society ?

(1) Durkheim (2) Marx (3) Weber (4) Srinivas

7. Neolithic Revolution resulted in :

(1) settled life (2) division of labour

(3) food surplus (4) all of the above

8. Some typical stone age implements were :

(1) plough (2) spinning wheel

(3) wooden digging sticks (4) none of the above

9. Who was the inventor of the steam engine during the Industrial Revolution ?

(1) Richard Arkwright (2) John Kay

(3) James Watt (4) James Hargreaves

10. The writings of Karl Marx are associated with :

(1) Agrarian Society (2) Industrial Society

(3) Post - Industrial society (4) None of the above

11. The Jajmani system signifies :

(1) Independence of Castes (2) Independence of cohesive units

(3) Interdependence of Castes. (4) None of the above

12. Which metal was mined by Europeans in the 'New World' during forced labour of the locals?

(1) Gold (2) Silver (3) Iron Ore (4) Copper

13. Which of these was not associated with the Industrial Revolution of the $18^{th}$ Century ?

(1) factory system (2) invention of steam engine

(3) invention of bow and arrow (4) railways and steam ships

14. Which of these was a Fascist power during the world war ?

(1) England (2) Germany (3) France (4) Belgium

15. The 'Cold War' ended with :

(1) the end of the second world war (2) the collapse of Soviet Russia

(3) the partition of India (4) None of the above

16. 'Ashvamedha' ritual was first performed in :

(1) Vedic period (2) Maurya period

(3) Gupta period (4) None of the above

17. Kanishka was the ruler of :

(1) Shakas (2) Pahalvas (3) Kushanas (4) Guptas

18. In which period do we see the emergence of the 'Samantas' as a class ?

(1) Early vedic (2) Late vedic (3) Medieval (4) Modern

19. Which of these was not a leader of the Revolt of 1857 ?

(1) Begum of Awadh (2) Nana Saheb

(3) Tantia Tope (4) Nizam of Hyderabad

20. Which event triggered the Swadeshi Movement in the history of India's freedom struggle ?

(1) 1857 Revolt (2) Partition of Bengal (1905)

(3) Partition of India (1947) (4) World War I (1914)

21. What important event marked the launch of Civil Disobedience Movement in 1930 ?

(1) Champaran Satyagraha (2) Dandi March

(3) Jallianwala Bagh Massacre (4) Peasants strike in Kheda

22. Bolshevik Revolution took place in

(1) Japan (2) Germany (3) Russia (4) France

23. Which article of the Indian Constitution makes untouchability a punishable offence ?

(1) Article 15 (2) Article 16 (3) Article 17 (4) All of the above

24. The idea of freedom of religious worship, tolerance and communal harmony is called :

(1) Feudalism (2) Communalism (3) Secularism (4) Humanism

25. Which of the following is regarded as "a novel feature" of the Constitution of India ?

(1) Preamble (2) Fundamental Rights

(3) Fundamental Duties (4) Directive Principles

26. Which of these is not a feature of the caste system ?

(1) occupational classification (2) endogamy

(3) interdependence (4) equality

27. Which of the following is a currency of the member countries of the European Union ?

(1) Yen (2) Dollar (3) Euro (4) Pound

28. When more people are engaged in a job that in reality needs a lesser number of people, we call it :

(1) unemployment (2) seasonal employment

(3) disguised unemployment (4) educated unemployment

29. Which of these is not a characteristic of governance ?

(1) Accountability (2) Corruption

(3) People's participation (4) Rule of law

30. If a person wants some information from a Government Department, he/she can access it with the help of :

(1) Right to Work Act (2) Right to Information Act

(3) Right to Education Act (4) Right to Property Act

31. Which of these activities can be included in the secondary sector of the economy ?

(1) Mining (2) Forestry (3) Fishing (4) None of the above

32. Which of the following was emphasized during the Fourth Five-Year Plan ?

(1) heavy industry (2) removal of poverty

(3) irrigation (4) exports

33. At the time of Independence, India :

(1) was industrially developed (2) was one of the poorest countries

(3) had a high rate of literacy (4) none of the above

34. What is an important feature of 'command-and-control' industrial policy ?

(1) Free play of market forces

(2) Encouragement to private sector

(3) Seeking permission from government to set up production units

(4) Foreign collaborations

35. Green Revolution is marked by :

(1) HYV seeds and fertilizers (2) Rice cultivation

(3) Benefits to small farmers (4) Sustainable agriculture

36. Air pollution occurs due to :

(1) discarding of plastic bags

(2) dumping of sewage in rivers, ponds and seas

(3) emission of poisonous gases from factories

(4) excessive grazing by animals.

37. The House of the People in the Parliament is called :

(1) Rajya Sabha (2) Gram Sabha (3) Lok Sabha (4) Kshetra Sabha

38. The categories 'Brahmin', Kshatriya' 'Vaishya' 'Shudra' are termed as :

(1) Jatis (2) Varnas (3) Classes (4) Races

39. The two classes in capitalist society identified by Karl Marx are :

(1) feudal lord and serf

(2) Zamindar and bonded labourer

(3) bourgeoisie and proletariat

(4) slave and master

40. Preference for male children is a form of :

(1) class discrimination (2) racial discrimination

(3) gender discrimination (4) None of the above

41. The number of deaths of infants per thousand of live births is called :

(1) crude death rate
(2) birth rate
(3) infant mortality rate
(4) sex ratio

42. Population rate in India is high due to :

(1) high birth rate and high death rate
(2) high birth rate and low death rate
(3) low birth rate and high death rate
(4) low birth rate and low death rate

43. Which of these states has a sex ratio below 800 females per 1000 males ?

(1) Andhra Pradesh
(2) Punjab
(3) Kerala
(4) Karnataka

44. The Constitution of India is based on the ideals of :

(1) Oligarchy
(2) Kingship
(3) Democracy
(4) Militarism

45. The contemporary world can be described as :

(1) multipolar
(2) unipolar
(3) bipolar
(4) none of the above

46. Gandhi propagated the concept of :

(1) Trusteeship
(2) Competition
(3) Class struggle
(4) Untouchability

47. In 2003, USA launched a massive attack on :

(1) Kuwait
(2) Afghanistan
(3) Iraq
(4) Pakistan

48. Which of these countries is **not** a member of SAARC ?

(1) India
(2) Pakistan
(3) Bhutan
(4) China

**49.** Movements in North-East India demanding the right to self-determination can be termed

(1) Communal movements (2) Ethnic movements

(3) Class movements (4) Caste movements

**50.** The term 'NREGA' is related to :

(1) Emigration (2) Education

(3) Employment (4) Export promotion

---

1. सामाजिक विज्ञान किससे संबंधित है?

(1) सामाजिक सिद्धांत एवं रीति-रिवाज (2) गति का सिद्धांत

(3) पादप एवं पशु (4) उपर्युक्त सभी

2. राजनीति विज्ञान में किस का अध्ययन सम्मिलित नहीं है?

(1) सरकार एवं राजनीति (2) राजनीतिक दल एवं मतदाता व्यवहार

(3) गति का सिध्दांत (4) राज्य द्वारा प्राधिकारों को लागू करना

3. राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन, किस पर आँकड़ें प्रदान करता है?

(1) कृषि (2) उद्योग (3) श्रम (4) उपर्युक्त सभी

4. निम्नलिखित में से कौन सा द्वितीयक आँकड़ों का स्रोत नहीं है?

(1) जनगणना (2) केंद्रीय सांख्यिकीय संगठन

(3) क्षेत्रकार्य (4) श्रम ब्यूरो

5. किसी महिला का एक से अधिक पुरुषों से विवाह करने का व्यवहार कहलाता है?

(1) एक पत्नीत्व (2) पॉलिनॉमी (3) बहु विवाह प्रथा (4) बहुपतिक

6. किस जाने-माने समाजशास्त्री ने समाज में आत्महत्या की समस्या का अध्ययन किया?

(1) दुर्खाइम (2) मार्क्स (3) वेबर (4) श्रीनिवास

7. नवपाषाण क्रांति का परिणाम था :

(1) सुस्थिर जीवन (2) श्रम-विभाजन (3) खाद्य अधिशेष (4) उपर्युक्त सभी

8. कुछ खास प्रस्तर युग के औज़ार थे :

(1) हल (2) चरखा

(3) लकड़ी से बनी खुदाई की छड़ियाँ (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

9. औद्योगिक क्रांति के दौरान भाप के इंजन का आविष्कार किसने किया?

(1) रिचर्ड आर्कराइट (2) जॉन के

(3) जेम्स वॉट (4) जेम्स हरग्रिव

10. कार्ल मार्क्स की रचनाओं का सरोकार किससे है ?

(1) कृषीय समाज (2) औद्योगिक समाज

(3) उत्तर–औद्योगिक समाज (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

11. जजमानी व्यवस्था किसे दर्शाती है ?

(1) जातियों की स्वतंत्रता (2) संसक्त इकाइयों की स्वतंत्रता

(3) जातियों की अंत:निर्भरता (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

12. स्थानीय लोगों के बलात् श्रम के दौरान 'नव विश्व' में यूरोपियाइयों ने किस धातु की खुदाई की ?

(1) सोना (2) चाँदी (3) खनिज–लोहा (4) ताँबा

13. निम्नलिखित में से किसका, 18 वीं शताब्दी की औद्योगिक क्रांति से सरोकार नहीं था ?

(1) फैक्टरी व्यवस्था (2) भाप इंजन का आविष्कार

(3) तीर और कमान का आविष्कार (4) रेल्वे और स्टीम के जहाज

14. विश्व युद्ध के दौरान, कौन सी, फ़ासिस्ट शक्ति थी ?

(1) इंग्लैंड (2) जर्मनी (3) फ्राँस (4) बेल्जियम

15. 'शीत युद्ध' की समाप्ति कब हुई ?

(1) द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति (2) सोवियत रूस का विध्वंस

(3) भारत का बँटवारा (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

16. 'अश्वमेध' (Ashvamedha) अनुष्ठान के आरंभ का काल है ?

(1) वैदिक काल (2) मौर्य काल

(3) गुप्त काल (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

17. कनिष्क कहाँ के शासक थे ?

(1) शाका (2) पहलव (3) कुशाण (4) गुप्त

18. किस काल में हम वर्ग के रूप में 'सामंतों' के आविर्भाव को देखते हैं ?

(1) आरंभिक वैदिक (2) अंतिम वैदिक (3) मध्यकालीन (4) आधुनिक

19. निम्नलिखित में से कौन, 1857 के विद्रोह के लीडर नहीं थे ?

(1) अवध की बेगम (2) नाना साहेब

(3) ताँत्या टोपे (4) हैदराबाद के निज़ाम

20. भारत के स्वतंत्रता संघर्ष के इतिहास में कौन सी घटना से स्वदेशी आंदोलन ने ज़ोर पकड़ लिया ?

(1) 1857 का विद्रोह (2) बंगाल का बँटवारा (1905)

(3) भारत का बँटवारा (1947) (4) प्रथम विश्व युद्ध (1914)

21. किस महत्वपूर्ण घटना का पता, वर्ष 1930 में सविनय अवज्ञा आंदोलन के शुरू होने से, चलता है ?

(1) चम्पारण सत्याग्रह (2) डांडी मार्च

(3) जलियाँवाला बाग हत्याकांड (4) खेड़ में कृषक हड़ताल

22. बोल्शविक क्रांति कहाँ हुई ?

(1) जापान (2) जर्मनी (3) रूस (4) फ्राँस

23. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद, छुआछूत को दंडनीय अपराध बनाता है ?

(1) अनुच्छेद 15 (2) अनुच्छेद 16 (3) अनुच्छेद 17 (4) उपर्युक्त सभी

24. धार्मिक उपासना, सहिष्णुता और सांप्रदायिक मेल-मिलाप की स्वतंत्रता का विचार कहलाता है :

(1) सामंतवाद (2) सांप्रदायिकवाद (3) धर्मनिरपेक्षवाद (4) मानववाद

25. निम्नलिखित में से किसे भारत के संविधान की 'नवीन विशेषता' माना जाता है ?

(1) उद्देशिका (2) मूलभूत अधिकार

(3) मूलभूत कर्त्तव्य (4) निदेशक सिद्धांत

26. निम्नलिखित में से कौन सी, जाति व्यवस्था की विशेषता नहीं है ?

(1) व्यावसायिक वर्गीकरण (2) सजातीय विवाह

(3) अंत:निर्भरता (4) समानता

27. निम्नलिखित में से कौन सी, यूरोपियाई संघ के सदस्य देशों की करेंसी (मुद्रा) है ?

(1) येन (2) डालर (3) यूरो (4) पाउंड

28. जहाँ असल में कम लोगों की आवश्यकता हो लेकिन ऐसे काम में अपेक्षाकृत अधिक लोगों का जुट जाना, कहलाता है :

(1) बेरोज़गारी
(2) मौसमी रोजगार
(3) प्रच्छन्न बेरोज़गारी
(4) शिक्षित बेरोज़गारी

29. निम्नलिखित में से कौन सी अभिशासन की विशेषता नहीं है ?

(1) जवाबदेही
(2) भ्रष्टाचार
(3) जन सहभागिता
(4) विधि का नियम

30. यदि कोई व्यक्ति सरकारी विभाग से कुछ सूचना की प्राप्ति करना चाहता है तो वह किसकी सहायता से सूचना तक पहुँच स्थापित कर सकता है ?

(1) कार्य अधिनियम का अधिकार
(2) सूचना अधिनियम का अधिकार
(3) शिक्षा अधिनियम का अधिकार
(4) संपत्ति अधिनियम का अधिकार

31. निम्नलिखित में से कौन सी गतिविधियों को, अर्थव्यवस्था के द्वितीयक क्षेत्र में सम्मिलित किया जा सकता है ?

(1) खनन
(2) वानिकी
(3) मछली पालन
(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

32. चौथी पंचवर्षीय योजना के दौरान किस पर ज़ोर दिया गया ?

(1) भारी उद्योग
(2) निर्धनता उन्मूलन
(3) सिंचाई
(4) निर्यात

33. स्वतंत्रता प्राप्ति के समय, भारत :

(1) औद्योगिक रूप से विकसित था
(2) एक निर्धनतम देश था
(3) साक्षरता की उच्च दर को दर्शाता था
(4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

34. 'आदेश-एवं-नियंत्रण' (command-and-control) औद्योगिक नीति की महत्वपूर्ण विशेषता क्या थी ?

(1) बाज़ार बलों का खुला खेल
(2) निजी क्षेत्र को बढ़ावा
(3) सरकार से उत्पादन इकाइयों की स्थापना करने की अनुमति की इच्छा
(4) विदेशों से सहयोग की प्राप्ति

35. हरित क्रांति का पता, किससे चलता है ?

(1) एच.वाई.वी. बीज़ एवं उर्वरक
(2) चावल की खेती
(3) लघु कृषकों को लाभ
(4) चिरस्थायी कृषि

36. वायु प्रदूषण उत्पत्ति का कारण है :

(1) प्लास्टिक थैलियों को कूड़े में फेंकना

(2) मलिन जल को नदियों, पोखरों और समुद्र में बहा देना

(3) फैक्टरियों से निकलने वाला ज़हरीला धुआँ

(4) पशुओं द्वारा अत्यधिक चराई

37. संसद में हाउस ऑफ दि पीपुल कहलाता है :

(1) राज्य सभा (2) ग्राम सभा (3) लोक सभा (4) क्षेत्र सभा

38. 'ब्राह्मण', 'क्षत्रिय', 'वैश्य' और 'शूद्र' अर्थात् ये सभी श्रेणियाँ कहलाती हैं :

(1) जातियाँ (2) वर्ण (3) वर्ग (4) मूलवंश

39. कार्ल मार्क्स द्वारा पूँजीवादी समाज में प्रस्तावित दो वर्ग हैं :

(1) सामंती लार्ड और सर्फ (2) जमींदार और बंधुआ मज़दूर

(3) मध्य वर्ग और श्रमजीवी वर्ग (4) गुलाम और आका

40. लड़कों को प्राथमिकता देना, किस किस्म का भेदभाव है ?

(1) वर्गीय भेदभाव (2) जातीय भेदभाव

(3) स्त्री–पुरुष भेदभाव (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

41. जीवित जन्में शिशुओं (प्रति हजार में) मृत शिशुओं की संख्या, कहलाती है :

(1) अशोधित मृत्यु दर (2) जन्म दर

(3) शिशु मृत्यु दर (4) लिंग अनुपात

42. भारत में जनसंख्या दर के उच्च होने का कारण है :

(1) उच्च जन्म दर और उच्च मृत्यु, दर

(2) उच्च जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

(3) निम्न जन्म दर और उच्च मृत्यु दर

(4) निम्न जन्म दर और निम्न मृत्यु दर

43. किस राज्य का स्त्री--पुरुष अनुपात, प्रति 1000 पुरुषों में 800 महिलाओं से निम्न है ?

(1) आंध्र प्रदेश (2) पंजाब (3) केरल (4) कर्नाटक

44. भारत का संविधान, किसके आदर्शों पर आधारित है ?

(1) अल्पजनाधिपत्य (2) राजत्व (3) लोकतंत्र (4) सैन्यवाद

45. समकालीन विश्व को किस रूप में व्यक्त किया जा सकता है ?

(1) बहुध्रुवीय (2) एकध्रुवीय (3) द्विध्रुवीय (4) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

46. गाँधी जी ने किसकी संकल्पना का प्रचार किया ?

(1) न्यासिता (2) प्रतिस्पर्धा (3) वर्ग संघर्ष (4) छुआछूत

47. वर्ष 2003 में, यू.एस.ए. ने किस पर बड़े हमले की शुरूआत की ?

(1) कुवैत (2) अफगानिस्तान (3) इराक (4) पाकिस्तान

48. निम्नलिखित में से कौन सा देश, सार्क-सदस्य **नहीं** है ?

(1) भारत (2) पाकिस्तान (3) भूटान (4) चीन

49. आत्म-निर्धारण के अधिकार की माँग वाले पूर्वोत्तर भारत के आंदोलन कहलाते हैं :

(1) सांप्रदायिक आंदोलन (2) नृजातीय आंदोलन

(3) वर्ग आंदोलन (4) जाति आंदोलन

50. 'एन.आर.ई.जी.ए.' का सरोकार किससे है ?

(1) उत्प्रवासन (2) शिक्षा

(3) रोज़गार (4) निर्यात संवर्धन